Government of Uttarakhand

# Department of Technical Education

विज्ञापन संख्या 1705 दिनांक 30.12.2025

## विज्ञप्ति

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून में **परीक्षा नियंत्रक** के रिक्त 01 पद को वेतनमान 67700-208700 वेतन स्तर-11 में परीक्षा नियंत्रक की नियमित नियुक्ति न होने की दशा में राज्य सरकार द्वारा प्रतिनियुक्ति के आधार पर तीन वर्ष तक, के लिए भरा जाना है. उक्त पद हेतु निम्नांकित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं.

**अनिवार्य अर्हताएं**

**शैक्षिक** - भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से पीएच.डी. एवं प्रासंगिक शाखा में बी.ई./बी.टेक./बी.एस. इंजीनियरिंग डिग्री अथवा समकक्ष और एम.ई./एम.टेक./एम.एस. अथवा एकीकृत एम. टेक जिसमें से किसी भी एक डिग्री में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष हो.

**न्यूनतम अनुभव** - वेतनमान लेवल 10 में 04 वर्ष या अधिक का (टीचिंग, शोध एवं परीक्षा कार्यों में) अनुभव अनिवार्य है.

**वांछित योग्यता:**- अभ्यर्थी को हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा का समुचित ज्ञान होना आवश्यक है.

उक्तानुसार अर्हताएं पूर्ण करने वाले पद धारक/आवेदन पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर दिनांक **30.01.2026 सांय 06.00 बजे तक सचिव कार्यालय, तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, सचिवालय परिसर, 4, सुभाष रोड, देहरादून - 248001 को स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/दस्ती/ई-मेल secy-tedu-ua@nic.in से जमा कराना सुनिश्चित करें.**

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून की वेबसाइट **www.uktech.ac.in** पर उपलब्ध है.

**सचिव,**

तकनीकी शिक्षा,

उत्तराखण्ड शासन

EN 41/69